भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 397
जिसका उत्तर मंगलवार, 19 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है

शिक्षित युवाओं के लिए केन्द्रीय योजनाएं

397. श्री ओमपवन राजेनिंबालकर :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के सुशिक्षित युवाओं की बढ़ती संख्या को रोजगार प्रदान करने वाली केन्द्रीय योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्थानीय सांसद के 21 जून, 2019 के शून्य काल के प्रश्न के संदर्भ में इस मांग के संबंध में ओस्मानाबाद के महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के अंतर्गत उपलब्ध 373 एकड़ की भूमि पर भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स जैसी कंपनी की स्थापना के लिए, ताकि ऐसे युवाओं को रोजगार प्रदान किया जा सके, सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) सरकार द्वारा बेमौसम बरसात, सुखा प्रभावित किसानों, कम विकसित एम.आई.डी.सी और रोजगार के अवसरों के नहीं होने के कारण ओस्मानाबाद जिले से अन्य जिलों में सुशिक्षित युवाओं के पलायन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) भारी उद्योग के सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उद्यम और यूनिटें आवश्यकता के अनुसार युवाओं की भर्ती करते हैं।

(ख) उद्योगों की स्थापना करना राज्य का विषय है।

(ग) यह भारी उद्योग विभाग से संबंधित नहीं है।

*****